Article Date	Headline / Summary	Publication
25 Jul 2024	The reach of the insurance sector will increase with the expansion of digital infrastructure	Amar Ujala

डिजिटल इन्फ्रा के विस्तार से बढ़ेगी बीमा क्षेत्र की पहुंच

बीमा उद्योग के नजरिये से बजट में कई अवसर हैं। डिजिटल सार्वजनिक ढांचे का विस्तार और वित्तीय समावेशन पर जोर बीमा क्षेत्र की नए बाजारों पर पहुंच बढ़ाएगा। साथ ही, उत्पादकता बढ़ने के साथ कारोबारी अवसर पैदा होंगे और बीमा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। बीमा कमीशन भुगतान के लिए टीडीएस दरों में 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी करने से एजेंटों पर वित्तीय बोझ कम होगा। इससे बीमा कंपनियों के लिए कटौती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। इसके अलावा, जीवन बीमा पॉलिसी भुगतान के लिए टीडीएस दरों में 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी करने से भुगतान पर कर का बोझ घटेगा, जिससे पॉलिसीधारकों को फायदा होगा। बजट में कई अन्य क्षेत्रों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। ये समग्र आर्थिक विकास और स्थिरता को प्रोत्साहित कर अप्रत्यक्ष तौर से बीमा उद्योग को फायदा पहुंचा सकते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 89,287 करोड़ रुपये का आवंटन स्वास्थ्य बीमा की मांग को बढ़ा सकता है। शिक्षा और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का मकसद मानव पूंजी में सुधार करना है। इससे जीवन व स्वास्थ्य बीमा की पहुंच बढ़ेगी।

तपन सिंघल
एमडी-सीईओ,
बजाज आलियांज
जनरल इंश्योरेंस